RAF SECTOR
NEWS CLIP
28/04/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Ajamgarh (UP)

संवेदनशील क्षेत्रों की कमान अब आरएएफ के हवाले

- इलाहाबाद से पहुंची एक कंपनी ने डीएवी कालेज में डाला डेरा
- जवानों ने प्रवेश से पहले गेट से लेकर कमरों तक को किया सैनिटाइज

जागरण संवाददाता, आजमगढ़ : रमजान माह में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सोमवार को जिले में आरएएफ की एक कंपनी फोर्स कंपनी कमांडर प्रदीप पाठक के नेतृत्व में पहुंच गई। जिले के संवेदनशील क्षेत्रों की कमान अब आरएएफ के हवाले होगी। एसपी ने मुबारकपुर के हॉटस्पाट समेत सभी संवेदनशील क्षेत्रों में आरएएफ की तैनाती कर दी है। कंपनी ने डीएवी पीजी कालेज में डेरा डालने से पहले गेट से लेकर कमरों तक को सैनिटाइज किया।

प्रदेश के संवेदनशील जनपदों में आजमगढ़ पहले से ही शामिल है। इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी प्रो. त्रिवेणी सिंह ने रमजान में सुरक्षा की दृष्टि से आरएएफ के साथ ही पीएसी की मांग की थी। एसपी की मांग पर शासन ने जिले को एक कंपनी आरएएफ उपलब्ध करा दिया है। सोमवार की दोपहर आरएएफ की एक कंपनी फोर्स जिले में पहुंची। इसमें दस महिला जवान भी शामिल हैं।

एसपी ने कहा कि आरएएफ को जिले के हॉटस्पाट मुबारकपुर समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात कर दिया गया है। उनके रहने के लिए शहर के डीएवी कालेज के साथ ही रोडवेज क्षेत्र में स्थित एक होटल की व्यवस्था की गई है।

डीएवी पीजी कालेज में प्रवेश से पहले गेट को सैनिटाइज करता आरपीएफ का जवान • जागरण

अंबारी में बनेंगे तीन और क्वारंटाइन सेंटर

अंबारी (आजमगढ़) : एसडीएम फूलपुर वागीश कुमार शुक्ला ने बताय कि अंबारी में तीन और क्वारंटाइन सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सोनी चिल्ड्रेन इंटर कालेज, भगवंती देवी राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं एमआरडी इंटर कालेज अंबारी को केंद्र बनाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। बताया कि अंबारी में पहले से ही गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला पीजी कालेज को क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है।

योगा संग जीआरपी की लग रही क्लास

रेलवे स्टेशन स्थित थाना परिसर में प्रशिक्षण लेती जीआरपी • जागरण

जासं, आजमगढ़ : एडीजी रेलवे लखनऊ व एसपी रेलवे गोरखपुर के निर्देश पर लॉकडाउन में राजकीय रेलवे पुलिसकर्मियों को योगा व प्रणाम के साथ विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। दिन में कानून की क्लास चल रही है। जीआरपी प्रभारी गणनाथ प्रसाद व एसआइ शिवकुमार यादव नए बैच के दारोगा व सिपाहियों को कामकाज का तरीका भी समझा रहे हैं। प्रभारी ने बताया कि जवानों को असलहा खोलने व मोड़ने, आइपीसी, सीआरपीसी व माइनर एक्ट आदि की बारीकियों को समझाया जा रहा है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।